**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 28.05.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा मूल्यांकन प्रक्रिया में विसंगतियों से संबंधित छात्रों की सभी शिकायतों के समाधान का आश्वासन दिया।

2. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा – यूजी 2026 की संशोधित तिथियां और प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं।

3. अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति ने सभी हितधारकों से कचरे के सुरक्षित प्रबंधन के लिए निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की है।

4. कला एवं संस्कृति विभाग द्वीप समूह में थियेटर को बढ़ावा देने के लिए थियेटर कार्याशाला का आयोजन करेगा।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा शुरू की गई नई ऑन–स्क्रीन मार्किंग प्रणाली अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक "प्रगतिशील साधन" है। श्री प्रधान ने नई दिल्ली में सी बी एस ई अधिकारियों के साथ बैठक के बाद यह बात कही। सी बी एस ई कक्षा 12वीं की परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन पोर्टल में ओ एस एम प्रणाली में विसंगतियों और तकनीकी खराबी को लेकर श्री प्रधान ने स्वीकार किया कि कुछ मुद्दे सामने आए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि चल रही पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान सभी शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एन टी ए ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा – सी यू ई टी – यूजी 2026 की संशोधित तिथियां और प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। एन टी ए के अनुसार परीक्षाएं अब 31 मई, 6 तथा 7 जून को आयोजित की जाएंगी। ईद–उल–अज़हा के कारण तिथियां पुनर्निर्धारित की गई हैं। एन टी ए ने बताया कि 31 मई को परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। 6 और 7 जून की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जल्द ही जारी किए जाएंगे।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय की ओर से समाधान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जो 23 अगस्त को एक विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ समाप्त होगा। इसका उद्देश्य भारत के सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित मामलों का, सहमति–आधारित समाधान तंत्रों के माध्यम से निपटारा सुनिश्चित करना है। सभी हितधारकों से कहा गया है कि वे अपने विवादों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत में उपस्थित रहे। इच्छुक पक्ष निर्धारित Google Form भरकर अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए समाधान समारोह विशेष लोक अदालत के प्रभारी से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र श्री विजयपुरम की ओर से कल शाम साढ़े पांच बजे से योग और समग्र देखभाल के माध्यम से नशा मुक्ति विषय पर लाइव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर का प्रसारण किया जाएगा। आयुष अस्पताल की चिकित्सा अधिकारी योग और प्राकृतिक चिकित्सा, डॉ. नंदिनी दर्शकों के सवालों के जवाब देंगी। दर्शक फोन नंबर 245–662 या 244–745 पर डायल कर इस लाइव फोन–इन कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं।

<><><><><><><>

भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने खतरनाक और अन्य कचरे के सुरक्षित प्रबंधन के लिए (प्रबंधन और सीमा पार संचलन) नियम, 2016 अधिसूचित किए हैं। इन नियमों के तहत, खतरनाक कचरे को उत्पन्न करने वाले, उसका रख–रखाव करने वाले, संग्रहकर्ता, प्राप्तकर्ता, प्रसंस्करणकर्ता और परिवहनकर्ता को कचरे का उचित भंडारण, पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण, उपयोग और निपटान सुनिश्चित करने को कहा गया है। ऐसी सभी संस्थाओं को नियमों के तहत प्राधिकरण प्राप्त करना आवश्यक है। साथ ही, जल और वायु अधिनियमों के तहत स्थापना की सहमति और संचालन की सहमति प्राप्त करना भी अनिवार्य है। द्वीपसमूह के भीतर ऐसी गतिविधियों में लगी सभी इकाइयों को ANPCC के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवश्यक प्राधिकरण प्राप्त करना होगा। उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति ने सभी हितधारकों से निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की है।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग, द्वीपों के युवाओं और आम जनता के बीच थिएटर को बढ़ावा देने के अपने निरंतर प्रयास के तहत, जून माह में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के सहयोग से एक महीने तक

चलने वाली थिएटर कार्यशाला का आयोजन करेगा। इस कार्यशाला का उद्देश्य रचनात्मकता को प्रेरित करना, अनुशासन की भावना जगाना और प्रदर्शन कलाओं के प्रति सराहना विकसित करना है, जिससे द्वीपों की सांस्कृतिक पहचान और मजबूत हो सके। इस संबंध में द्वीपों के निवासियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कार्यशाला में केवल 30 लोगों को ही शामिल किया जाएगा और चयन एक चयन समिति द्वारा किया जाएगा। आवेदकों की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए सेल्युलर जेल परिसर स्थित कला एवं संस्कृति विभाग, से सम्पर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय, की ओर से शैक्षणिक वर्ष 2026—27 के लिए 'एक वर्षीय पारंपरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों' में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसमें सिलाई और वस्त्र निर्माण, बेंत और बांस हस्तशिल्प, बढ़ईगीरी और सामान्य इंजीनियरिंग जैसे विषयों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। डिगलीपुर केंद्र सिलाई और वस्त्र निर्माण, सामान्य इंजीनियरिंग और बढ़ईगीरी में पाठ्यक्रम उपलब्ध कराएगा। लिटिल अंडमान में, सामान्य इंजीनियरिंग और बढ़ईगीरी में प्रशिक्षण उपलब्ध होगा, जबकि कार निकोबार में सिलाई और वस्त्र निर्माण, बढ़ईगीरी, जूट उत्पाद और सामान्य इंजीनियरिंग में प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इसके लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवार जिनकी आयु पन्द्रह से पैंतालीस वर्ष के बीच हो तथा द्वीप समूह का स्थानीय प्रमाण पत्र धारक हो, वे इसके लिए पात्र होंगे। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उम्मीदवारों को 1000— रुपये का मासिक वज़ीफा प्रदान किया जाएगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 12 जून है। अधिक जानकारी के लिए, आवेदक संबंधित उद्योग संवर्धन अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के कुछ एक स्थानों पर आज हल्की वर्षा हुई। आज शाम साढ़े पांच बजे तक वायुसेना केन्द्र कार निकोबार में सात दशमलव दो मिलीमीटर, कार निकोबार में सात, श्री विजयपुरम में चार दशमलव चार, मायाबंदर और ननकौड़ी में तीन—तीन और लॉग आइलैंड में दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले छ दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। इस दौरान हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा रहने की संभावना है। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को सोमवार तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>